12/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा की सत्ता का विकेंद्रिकरण को सुनिश्चित करने के वास्ते उनकी सरकार एक बड़ी सुधार ला रही हैं। उन्होनें कहा की इससे विकासात्मक परियोजनाओं का "नीचे से शीर्ष " तक की योजना बनाने और अधीकृत करने के कारर्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सकेगा। कुरूंग कुमे ज़िले के संग्राम में "संकलप समारोह" में बोलते हुए श्री खांडू ने कहा की योजना बनाने के पुराने तरीको को छोड़कर नई प्रक्रिया को अपनाना है जिसमें जमीनी स्तर पर लोगों द्वारा प्राथमिकता और अनुशांसित योजनाओं और परियोजनाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होने बताया की "गार्जियन मिनिस्टर" और "मेंटर सेक्रेट्रिस" को राज्य के हर ज़िले में नियुक्त किया गया है। श्री खांडू ने कहा की नीचे से शीर्ष के योजना प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगा की सरकार का धन बर्बाद नही हो रहा और प्रत्येक ज़िले को प्राथमिकता के आधार पर वह मिलता है जो वह चाहता है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा की दिबांग मल्टिपर्पज़ प्रोजेक्ट प्रदेश की विशाल जलविद्वुत क्षमता को दोहन करने की प्रक्रिया मे एक महत्वपूर्ण कदम है। कल परियोजना स्थल का दौरा करते हुए श्री मेन ने

यह बात कही। इस दौरान उन्होने परियोजना के बुनियादी ढाँचे मे सुधार और बांध स्थल से आनिनी की ओर समृध्दी नौकायान पर भी विचार-विमर्श किया। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया की भारी वाहनों द्वारा निर्माण सामग्री ले जाने में आसानी के लिए रोईंग, पासिघाट और गेरुकामुख बाई पास रोड के लिए केन्द्र सरकार के पास प्रस्ताव रखा गया है। बाद में उपमुख्यमंत्री ने नव निर्मित दामबुक पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया और अट्ठारह सौ चौरानबे एंगलो आबोर युध्द के स्मरण में “बोंगाल यापगो” युध्द स्मारक विरासत के संरक्षण परियोजना की भी आधारशिला रखी।

0000000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कहा की असम और अरूणाचल के बिच का बंधन भौगोलिक निकटता से कही अधीक फैला हुआ है। असम में कल चराईदेवो महोत्सव में भाग लेते हुए उन्होने यह बात कही। उन्होने कहा की यह दोनों राज्यों के बिच साझा इतिहास, परस्पर जूड़ी संस्कृतिया और स्थाई संबंधों में गहराई से निहित है। श्री वांगसू ने “चराईदियो मायडम” यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज स्टेटस के लिए असामिया लोगो को बधाई देते हुए इसे महत्वपूर्ण उपल्बिध बताया। उन्होने इन पवित्र दफन स्थलों और उनके एतिहासिक महत्व के बारे में जागरूकता बढाने में त्योहार के भुमिका की भी सराहना की। चराईदेव माईदाम के समृध्द इतिहास का जश्न मनाने के लिए कई अंतर्रराष्ट्रिय राजनयिक

भी उपस्थित थे जिसमें म्यानमार के राजदूत मी. ज़ाउ ओ भी शामिल थे।

0000000000000000000000

तेज़ू में शूक्रवार को ज़िला हथकरघा एक्सपो “ताना बाना 2025” का उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी स्थानिय विधायक मोहेश चाइ थे साथ ही लोहित ज़िले के ज़िला उपायुक्त के.एम दामो गेस्ट ओफ ओनर के तौर पर उपस्थित थे। लोगो को समबोधित करते हुए डॉ. चाइ ने वोकल फॉर लोकल” एजेंडा के प्रति सरकार की प्रतिबध्दता को रेखांकित किया। स्थानिय उघमियों और कारीगरों के समर्थन में डिजाइन किया हुआ “एक ज़िला, एक उत्पादन” जैसे पहलो को भी विस्तार से बताया। इस सुविधा का उदेश्य इच्छुक कारीगरों के लिए प्रभावी कौशल प्राशिक्षण और आवास की दौहरी जरुरतो को पूरा करना है। ताना बाना 2025 स्थानय कारीगरों और उधामियो को सशक्त करने के साथ-साथ क्षेत्र के समृध्द हथकरघा विरासत को प्रदार्शित करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान करने का वादा करता है।

0000000000000000000000

लुंगला सब-डिविज़न में कल क्षेत्र में नशिली दवाओं के दुरुपयोग की बढती चिंताओ को दुर करने के लिए एक ड्रग जागरुकता रैली सह अभियान चलाया गया इस अभियान को स्थानिय विधायक सेरिंग लामु ने प्रायोजित किया था और स्वंय सहायता संगठन धागपा मिरर्र सहित सब डिविजनल प्रशासन और ज़िला स्वास्थय सोसाईटी तावंग ने मिलकर

इसका आयोजन किया था। विभिन्न स्कुलों के छात्रों ने अपनी संबंधित संस्थानों से जागरुकता रैली का नेतृत्व किया।

0000000000000000000000

अरूणाचल सोशियोलोजी फोरम ने कल उच्च एंव तकनीकी शिक्षा निदेशक डॉ. मिलोराई मोदी के साथ एक बैठक की जिसमे पूरे प्रदेश के सरकारी कालेजो मे सोशियोलोजी को एक मुख्य विष्य के रूप में प्रस्तुत करने का वकालत किया गया। प्रतिनिधित्व का जवाब देते हुए उच्च शिक्षा निदेशक ने सोशियोलोजी के महत्व को स्वीकार करते हुए इस प्रस्ताव पर विचार करने की इच्छा जाहीर की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि युवाओं की ताकत जल्द ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 के अवसर पर बोलते हुए, श्री मोदी ने कहा, भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। उन्होंने कहा, उनका विश्वास नई पीढ़ी पर है और युवा पीढ़ी सभी समस्याओं का समाधान ढूंढ लेगी. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत कई क्षेत्रों में अपने लक्ष्यों को समय से पहले पूरा कर रहा है। शुक्रवार को शुरू हुए तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग ने

युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान पेश करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से बातचीत की।